# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## अभिषद् की अत्यावश्यक बैठक दिनांक 13.11.2020 का कार्यवृत्त

समयः– 11:30 बजे पूर्वाह्न

उपस्थितिः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 डॉली सिन्हा, प्रति–कुलपति | – | सदस्य |
| 3. | प्रो0 जीतेन्द्र नारायण, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 4. | प्रो0 हरेकृष्ण सिंह, विभागाध्यक्ष | – | सदस्य |
| 5. | डॉ0 मीना प्रसाद, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 6. | डॉ0 मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य | – | सदस्य |
| 7. | डॉ0 अशोक कुमार मेहता | – | सदस्य |
| 8. | डॉ0 दयानन्द पासवान | – | सदस्य |
| 9. | श्री इम्बेशात शौकत | – | सदस्य |
| 10. | श्री सुजीत पासवान | – | सदस्य |
| 11. | प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 12. | प्रो0 विनोद कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 13. | डॉ0 सुरेन्द्र प्रसाद सुमन, अध्यक्ष, छात्र कल्याण | – | सदस्य |
| 14. | डॉ0 अजीत कुमार चौधरी, कुलानुशासक | – | सदस्य |
| 15. | डॉ0 मुश्ताक अहमद, कुलसचिव | – | सचिव |

आज दिनांक 13.11.2020 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से अभिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक Google Meet के माध्यम से Online प्रारम्भ हुई।

1. सर्वप्रथम कुलसचिव ने सदस्यों का स्वागत करते हुए कुलपति–सह–अध्यक्ष प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह से Online बैठक प्रारम्भ करने की अनुमति चाही एवं सूचित किया कि आवश्यक गणपूर्ति (कोरम) पूरी हो चुकी हैं।
2. कुलपति–सह–अध्यक्ष द्वारा सदस्यों को सूचित किया गया कि चूँकि दिनांक 12.11.2020 तक प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू रहने के कारण अभिषद् की बैठक आहूत नहीं की जा सकी एवं दिनांक 13.11.2020 से दिवाली एवं छठ महापर्व के अवकाश के कारण विश्वविद्यालय के बन्द रहने के चलते आज यह Online बैठक आहूत की गई हैं। माननीय सदस्यों से सिनेट की आगामी प्रस्तावित बैठक दिनांक 19.12.2020 के आयोजन हेतु सहमति वांछित है, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2021–22 के आय–व्ययक का सिनेट से पारित होना अनिवार्य है। वैसे अभिषद् की सामान्य भौतिक बैठक दिनांक 27.11.2020 एवं 10.12.2020 को की जायेगी।

सभी सदस्यों ने अपने मत व्यक्त किये एवं निम्नलिखित निर्णय लिया गयाः–

निर्णयः **"सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी सिनेट की बैठक दिनांक 19.12.2020 को आयोजित करने एवं इससे सम्बन्धित सूचना एवं कार्यक्रम भेजने हेतु सहमति प्रदान की जाती हैं।"**

माननीय प्रति–कुलपति प्रो0 डॉली सिन्हा द्वारा सदस्यों का आभार प्रकट किया गया। कुलसचिव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की प्रक्रिया समाप्त घोषित की गई।

ह0/–
(सुरेन्द्र प्रताप सिंह)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ह0/–
(मुश्ताक अहमद)
कुलसचिव–सह–सचिव

ज्ञापांकः– LB–600/20
दिनांकः– 13-11-2020

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना।
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना।
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।**

13.11.2020
कुलसचिव